विष्णु जो सुर हित नरतनु धारी । सोउ सर्बग्य जथा त्रिपुरारी ।।
खोजइ सो कि अग्य इव नारी । ग्यानधाम श्रीपति असुरारी ।।
विष्णु चारि भुज बिधि मुख चारी । बिकट बेष मुख पंच पुरारी ।।
|| मानस विष्णु प्रयाग || Ram Katha 975– Uttarakhand || ※मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 263 | इंदौर, शुक्रवार 10 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## भोपाल समेत 14 जिलों के कलेक्टर बदले, प्रियंक को भोपाल की कमान

### DPI आयुक्त शिल्पा को हटाया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में गुरुवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए मोहन सरकार ने 26 आईएएस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। इसमें भोपाल समेत 14 जिलों के कलेक्टर को इधर से उधर किया गया है। इसमें धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को भोपाल कलेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि वर्तमान कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को मुख्यमंत्री कार्यालय में सचिव पद के साथ आयुक्त सह-संचालक, नगर एवं ग्राम निवेश का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, लोक शिक्षण संचालनालय की आयुक्त और स्कूल शिक्षा विभाग की पदेन सचिव शिल्पा गुप्ता को हटाकर गृह विभाग में सचिव बनाया गया है। वहीं, उनकी जगह पर गृह विभाग में सचिव अभिषेक सिंह को आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय पदस्थ किया गया है।

### तीन महिला अधिकारी को कलेक्टर बनाया, दो के जिले बदले, तीन को हटाया

तबादला सूची में महिला अधिकारियों को भी अहम जिम्मेदारियां दी गई हैं। इंदौर लोक सेवा आयोग की सचिव राखी सहाय को उमरिया कलेक्टर, सहकारिता विभाग की उप सचिव शीला दाहिमा को श्योपुर कलेक्टर और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की उप सचिव बिदिशा मुखर्जी को मैहर कलेक्टर बनाया गया है। इसके अलावा, नेहा मीना को झाबुआ से स्थानांतरित कर सिवनी कलेक्टर तथा प्रतिभा पाल को रीवा से सागर कलेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, नर्मदापुरम की कलेक्टर सोनिया मीना को हटा कर वित्त विभाग में अपर सचिव और सिवनी कलेक्टर शीतला पटले को लोक सेवा आयोग में सचिव बनाया गया है। मैहर कलेक्टर रानी बाटड़ को सहकारिता विभाग में उपसचिव बनाया है।

### नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त बदले

नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त कृष्णगोपाल तिवारी को हटा कर आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण बनाया गया है। उनकी जगह पर आयुक्त सह संचालक नगर तथा ग्राम निवेश श्रीकांत बनोठ को आयुक्त नर्मदापुरम संभाग बनाया गया है।

### इनको जिले से हटाया

शिवपुरी जिले के कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी को नर्मदा घाटी विकास विभाग में अपर सचिव बनाया गया है। वहीं, उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन को विमानन विभाग का अपर सचिव बनाया गया। सागर कलेक्टर संदीप जी आर को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी सह श्रम आयुक्त इंदौर, दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को मुख्यमंत्री कार्यालय में उप सचिव तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन के संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### इन अधिकारियों को भी फील्ड में भेजा

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी सह आयुक्त-सह संचालक संस्थागत वित्त तथा संचालक, बजट राजीव रंजन मीना को धार कलेक्टर, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग के उप सचिव प्रताप नारायण यादव को दमोह कलेक्टर, नर्मदा घाटी विकास विभाग तथा जल संसाधन के उप सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे राहुल नामदेव धोटे को मंडला कलेक्टर, आयुष्मान भारत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेश तुकाराम भरसट को झाबुआ कलेक्टर, नगर पालिक निगम रीवा के आयुक्त डॉ.सौरभ संजय सोनवणे को बैतूल कलेक्टर बनाया गया है।

### इन कलेक्टर के जिले बदले

श्योपुर कलेक्टर अर्पित वर्मा को शिवपुरी कलेक्टर, झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना को सिवनी कलेक्टर, मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा को नर्मदापुरम कलेक्टर, धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को भोपाल कलेक्टर, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी को रीवा कलेक्टर, रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल को सागर कलेक्टर की कमान सौंपी गई है।

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम**

# महिला आरक्षण पर भाजपा की तैयारी तेज, सीएम यादव बोले-मोदी सरकार के ऐतिहासिक कदम

**भोपाल। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने की दिशा में उठाए गए कदमों को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि 16 से 18 अप्रैल तक प्रस्तावित संसद का विशेष सत्र महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देगा और यह देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में नारी शक्ति को लगातार सशक्त किया जा रहा है। आज महिलाएं उद्योग-व्यवसाय, पर्यटन, होम-स्टे संचालन से लेकर स्थानीय निकायों में मेयर और सरपंच जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं। मध्यप्रदेश में भी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।**



### भाजपा ने भी शुरू की तैयारी

उधर, महिला आरक्षण संशोधन विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को लेकर भाजपा ने प्रदेश में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी ने संभावित फैसले को देखते हुए राज्य स्तर पर रणनीति बनाई है और बिल पारित होने के बाद बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना तैयार की है।

### 33% आरक्षण से बढ़ेगी भागीदारी

सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित संशोधन के तहत लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। इसके लागू होने के बाद 2028 के विधानसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी में बड़ा इजाफा हो सकता है। अनुमान है कि विधानसभा की सीटें 230 से बढ़कर 345 तक हो सकती हैं, जिनमें लगभग 114 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। वहीं लोकसभा की सीटें 29 से बढ़कर 43 होने की संभावना है, जिनमें करीब 14 सीटों पर महिला प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सकता है।

### धन्यवाद सभाएं और महिला सम्मेलन

भाजपा नेतृत्व ने राज्यों को निर्देश दिए हैं कि बिल पास होने के बाद सभी जिलों और मंडलों में धन्यवाद सभाएं, महिला सम्मेलन और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएं। इन आयोजनों के जरिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### महिला मोर्चा संभालेगा अभियान

इस अभियान की जिम्मेदारी भाजपा महिला मोर्चा को सौंपी गई है। महिला कार्यकर्ता घर-घर जाकर महिलाओं से संपर्क करेंगी और उन्हें इस आरक्षण के महत्व के बारे में बताएंगी। पार्टी का लक्ष्य है कि महिलाओं तक यह संदेश स्पष्ट रूप से पहुंचे कि अब उन्हें राजनीति में अधिक अवसर और प्रतिनिधित्व मिलेगा।

# 'बेहद नाजुक हालात...' IMF ने क्यों जताया बड़े संकट का खतरा?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने दुनिया के लिए बड़ी चेतावनी दी है और कहा है कि आने वाला समय काफी चुनौतियों भरा होगा. आगामी IMF विश्व बैंक की बसंतकालीन बैठकों से पहले आईएमएफ की हेड क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने चेतावनी दी कि ग्लोबल इकोनॉमी बेहद नाजुक दौर से गुजर रही है. बहुत पॉजिटिव और आशावादी होने पर भी यह इसमें गिरावट की संभावनाएं दिख रही हैं.



अपने बयानों में जॉर्जीवा ने कहा कि विश्व की अर्थव्यवस्था, जो टेक्नोलॉजी और फाईंशियल कंडीशन के कारण काफी मजबूती से चल रही थी, अब मिडिल ईस्ट तनाव के कारण नए संकट से जूझ रही है. उन्होंने कहा कि हमारे सबसे आशावादी नजरिए में भी, हमें रेटिंग में गिरावट का सामना करना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि होर्मुज रास्ते में बाधा आने, आपूर्ति प्रभावित होने और कमजोर विश्वास से होने वाला नुकसान पहले से हमारे नजरिए में शामिल है. इस रुकावट का मुख्य कारण एनर्जी सेक्टर में आया बड़ा संकट है. उन्होंने कहा कि तेल और गैस की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे कीमतें बढ़ गई हैं और आपूर्ति पर दबाव बढ़ गया है.

### ● भुखमरी की ओर धकेल रहा ये जंग

जंग छिड़ने के तुरंत बाद ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया. हालांकि अपने रिकॉर्ड हाई से ये कुछ हद तक कम हुए हैं, फिर भी ये इतनी ज्यादा बनी हुई हैं कि अलग-अलग अर्थव्यवस्थाओं में महंगाई का दबाव बना हुआ है. इसका असर सभी सेक्टर में दिखाई दे रहा है. डीजल और जेट ईंधन जैसे रिफाइनरियां ईंधनों की कमी से परिवहन और व्यापार प्रभावित हो रहा है, जबकि उर्वरक और रसद की बढ़ती लागत वैश्विक खाद्य असुरक्षा को और भी बदतर बना रही है. IMF का अनुमान है कि लाखों और लोग भुखमरी की ओर धकेले जा रहे हैं, जिससे पहले से ही नाजुक वैश्विक स्थिति और भी बिगड़ रही है.

# किसानों के सम्मान के साथ शुरू हुआ गेहूं उपार्जन

## किसानों का तिलक, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश में किसानों के हितैषी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल जी के निर्देशानुसार तथा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा जी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा पदाधिकारियों द्वारा प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर पहुंचकर किसानों का तिलक, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया।**



गुरुवार को इंदौर स्थित लक्ष्मीबाई नगर मंडी में गेहूं उपार्जन के प्रथम दिवस का शुभारंभ उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा मंडी में पहुंचे सभी किसान भाइयों का सम्मान किया गया तथा मिठाई खिलाकर तुलाई प्रक्रिया की विधिवत शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों के प्रति सम्मान एवं सरकार की किसान हितैषी नीतियों का सशक्त संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा जी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा जी, राऊ विधायक मधु वर्मा जी, इंदौर कलेक्टर शिवम् वर्मा जी, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल जी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विशाल पाठक जी ,अनिल बौरासी, महामंत्री, रूप सिंह तंवर, उपाध्यक्ष, शेखर चौधरी, गोकुल सिंह राठौड़, सोहनसिंह राठौर, सुरेश पाटीदार, नगर मंत्री, बाबु सिंह तंवर, मण्डल अध्यक्ष नीरज बुडाना, सन्दीप सिंह चौहान, कमलसिंह भाटी, अशोक खण्डेलवाल, आनंद बौरासी, सुभाष भौमिक, मंगल सिंह जी, नरेन्द्र गोले, धर्मेन्द्र सिंह सहित पार्टी के समस्त वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान किसानों ने भी सरकार की उपार्जन व्यवस्था एवं सुचारू प्रबंधन की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया।

# उत्कृष्ट वार्ड और 'बेस्ट पार्षद' सम्मानित जल संरक्षण की दिलाई शपथ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार आयोजित "स्वच्छ इंदौर वार्ड रैंकिंग 2025-26" तथा देपालपुर वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को बुधवार को रविन्द्र नाट्य गृह में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुई।

स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि प्रतियोगिता में इंदौर के वार्ड क्रमांक 63 को प्रथम, वार्ड 49 को द्वितीय और वार्ड 44 को तृतीय स्थान मिला। श्रेष्ठ पार्षदों में प्रथम स्थान पर पराग कौशल, द्वितीय राजीव जैन और तृतीय राहुल जायसवाल रहे। वार्ड 59 की पार्षद सुश्री रूपाली पेंढारकर को उत्कृष्ट कार्य के लिए विशेष सम्मान दिया गया।

देपालपुर वार्ड रैंकिंग में आजाद वार्ड क्रमांक 14 प्रथम, फिरोज गांधी वार्ड 12 द्वितीय तथा गणेश वार्ड 4 तृतीय स्थान पर रहे। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 22 जोन के चयनित सफाई मित्रों एवं ड्रेनेज कर्मचारियों को लंच टिफिन बॉक्स प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही इंदौर और देपालपुर के उत्कृष्ट रहवासी संगठनों, स्कूलों, अस्पतालों, शासकीय कार्यालयों और प्रमुख बाजारों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इंदौर के जिन संस्थानों को सम्मानित किया गया उनमें इंफिनिटी होटल, सेंट रैफल स्कूल, मैदांता हॉस्पिटल, शालीमार टाउनशिप, मैरियट होटल, कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय एवं एनएफसी मार्केट शामिल हैं। वहीं देपालपुर में मोदी मांगलिक भवन, सीएम राइज स्कूल, महावीर हॉस्पिटल, नक्षत्र कॉलोनी, ओंकार होटल, कोर्ट परिसर एवं दीनदयाल चौबे मार्केट के प्रतिनिधियों को सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए "जल रथ" को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छ वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता की कार्यप्रणाली और सर्वे की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि स्वच्छ वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। स्वच्छता हमारी परंपरा और संस्कृति से जुड़ी है तथा इंदौर ने स्वच्छता में देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है।

### वार्ड बॉय नियमितीकरण से जुड़ा है मामला

# हाईकोर्ट से पूर्व आईएएस सुलेमान को राहत, 2 महीने की जेल की सजा पर रोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव पूर्व एसीपी मोहम्मद सुलेमान को बड़ी कानूनी राहत मिली है। इंदौर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने अवमानना मामले में उन्हें सुनाई गई दो महीने की साधारण कारावास की सजा पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की डिवीजन बेंच ने सुलेमान की अपील पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया।**



**क्या था पूरा मामला**?- यह विवाद मंदसौर में वार्ड बॉय के नियमितीकरण से जुड़ा है। 6 दिसंबर 2023 को हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग को वार्ड बॉय को नियमित करने के निर्देश दिए थे। आदेश का पालन न होने पर कोर्ट ने सख्ती दिखाई और तत्कालीन एसीएस मोहम्मद सुलेमान को अवमानना का दोषी पाया। 16 मार्च 2026 को जस्टिस प्रणय वर्मा ने उन्हें दो महीने की जेल की सजा सुनाई थी। सुलेमान की ओर से पेश डिप्टी एडवोकेट जनरल एसआर सक्सेना ने तर्क दिया कि अपीलकर्ता को अवमानना कार्यवाही का कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ था, इसलिए उन्हें आदेशों की जानकारी नहीं थी। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि जिस मूल आदेश के उल्लंघन की बात कही जा रही है, उसे राज्य सरकार द्वारा पहले ही चुनौती दी जा चुकी है। हाईकोर्ट ने इन दलीलों को संज्ञान में लेते हुए मूल याचिकाकर्ता अशोक कुमार पाडेयार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि 16 मार्च 2026 का सजा का आदेश अगली सुनवाई तक स्थगित रहेगा। सुलेमान ने मार्च 2025 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी।

अपीलकर्ता को कार्यवाही की जानकारी नहीं थी और विभाग ने मूल आदेश को चुनौती दी है। इन आधारों पर कोर्ट ने सजा के आदेश पर रोक लगाते हुए चार सप्ताह का समय दिया है।

**-लीगल रिपोर्ट, इंदौर हाईकोर्ट'**

# कांग्रेस ने भेजा निष्कासन का प्रस्ताव

## भारी पड़ा रुबीना को 'भाड़ में जाए कांग्रेस' का बयान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। वंदे मातरम विवाद में कांग्रेस के दूसरे पार्षदों का साथ न देने पर रुबीना ने कहा था कि भाड़ में जाए कांग्रेस, हम औवेसी की पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लेंगे। उनके इस बयान को कांग्रेस ने अनुशासनहीनता माना है।**



बताया जा रहा है कि शहर कांग्रेस कमेटी ने अपनी सभी गतिविधियों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य कर दिया है और इससे जुड़ी पोस्ट भी सोशल मीडिया पर साझा की गई थी। इसी मुद्दे पर विवाद बढ़ने के बाद अब रुबीना खान के खिलाफ कार्रवाई की बात सामने आ रही है। रुबीना का कहना है कि कांग्रेस उन्हें पार्टी से निकाल दे, उन्हें इस बात की चिंता नहीं है। पार्टी जो फैसला लेगी, वे उसे स्वीकार करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि "एक बाप की औलाद" वाला बयान गुस्से में उनके मुंह से निकल गया था। वंदे मातरम विवाद गहराने पर चिंटू चौकसे ने कहा कि शहर कांग्रेस कमेटी के सभी कार्यक्रमों में वंदे मातरम गीत अनिवार्य कर दिया गया है। जिन्हें नहीं गाना है, वे कार्यक्रमों में न आएं। उन्होंने रुबीना के बयान को उनका निजी बयान बताया और यह कहा कि उससे कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस राष्ट्रीय गीत का पूरा सम्मान करती है। पार्षद फौजिया अलीम शेख की शिकायत हिन्दूवादी संगठन ने एमजी रोड थाने में की है। उन्होंने शिकायत में कहा कि वंदे मातरम न गाकर पार्षद ने देश का अपमान किया है।

### •विधानसभा चुनाव निर्दलीय लड़ूंगी

रुबीना इकबाल खान ने साफ किया है कि सदन में हुए विवाद को लेकर उनकी जीतू पटवारी से कोई बातचीत नहीं हुई है। जो बयान सामने आया, वह सिर्फ चिंटू चौकसे की ओर से था। रुबीना ने कहा, चिंटू भैया से भी मेरी ऐसी कोई बात नहीं हुई कि टिकट नहीं देंगे या पार्टी से निकालेंगे। ऐसा कुछ भी नहीं है। पार्टी जो भी निर्णय लेगी, उन्हें स्वीकार होगा। रखेंगे तो ठीक है, नहीं रखेंगे या निकाल देंगे तो भी कोई बात नहीं। मैं हर फैसले के लिए तैयार हूं। मुझे अपने नसीब और ऊपर वाले पर भरोसा है। हो सकता है मैं विधानसभा चुनाव लड़ूं और अगर लड़ूंगी तो निर्दलीय लड़ूंगी। उन्होंने दावा किया कि उनके पास इतनी राजनीतिक ताकत है कि वे समीकरण बदल सकती हैं। अगर मैं खुद नहीं जीत पाई तो सामने वाले को हराने की क्षमता जरूर रखती हूं, चाहे वह कांग्रेस हो या बीजेपी।

### कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर आरटीओ एवं परिवहन उड़नदस्ता की सख्त कार्रवाई

# चार बसों की फिटनेस निरस्त, 13 वाहनों से 70 हजार रु. जुर्माना वसूला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार आरटीओ इंदौर एवं परिवहन उड़नदस्ता द्वारा राऊ क्षेत्र स्थित स्कूल एवं कॉलेजों के वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जांच की गई तथा वाहनों का भौतिक निरीक्षण भी किया गया।**

निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि वाहन फिटनेस एवं परमिट शर्तों का पालन कर रहे हैं या नहीं। साथ ही फायर सेफ्टी उपकरणों एवं स्पीड गवर्नर की कार्यप्रणाली की भी जांच की गई। बच्चों एवं उनके अभिभावकों से फीडबैक लेकर यह भी परखा गया कि वाहन चालक तेज गति से वाहन तो नहीं चला रहे हैं तथा ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का उपयोग तो नहीं कर रहे हैं।




जांच के दौरान एक ही कॉलेज की 4 बसें फिटनेस शर्तों का उल्लंघन करते हुए पाई गईं, जिनकी फिटनेस मौके पर ही निरस्त कर दी गई। इसके अतिरिक्त 1 बस बिना फिटनेस के संचालित पाई गई, जिस पर नियमानुसार जुर्माना लगाया गया।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित गाइडलाइन एवं परमिट शर्तों के उल्लंघन के मामलों में कुल 13 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 70 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस कार्रवाई में आरटीओ श्री प्रदीप शर्मा, एआरटीओ सुश्री अर्चना मिश्रा, एआरटीओ श्री राजेश गुप्ता, संभागीय परिवहन उड़नदस्ता प्रभारी श्री आकाश सिटोले सहित आरटीओ एवं उड़नदस्ता स्टाफ उपस्थित रहा। आरटीओ विभाग द्वारा बताया गया है कि स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थानों के वाहनों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु जिले में आकस्मिक चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। सभी स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थानों के संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने वाहनों को पूर्ण रूप से फिट एवं दस्तावेजों को वैध रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही संचालन सुनिश्चित करें।



## खेलते हुए रास्ता भटके 3 मासूम बच्चों को परिजनों से मिलवाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले के थाना महू क्षेत्र में पोस्ट ऑफिस के पास 3 बच्चे मिले हैं जिनकी उम्र लगभग 4 से 5 वर्ष है, जो घर का रास्ता भटकगए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है।**

सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में 9 अप्रैल गुरुवार को दोपहर 1:50 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल थाना महू क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक सुबोध एवं पायलेट राजन ठाकुर ने मौके पर पहुँचकर सभी बच्चों को संरक्षण में लिया। जो अपने बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रहे थे। डायल-112 जवानों द्वारा तीनों बच्चों को एफआरव्ही वाहन से लेकर आसपास परिजन की तलाश एवं क्षेत्र में पूछताछ करने पर बच्चों के परिजन उसे ढूँढते हुए थाने पहुँचे। डायल-112 स्टाफ बच्चों को एफआरव्ही वाहन से लेकर थाने पहुँचे। जहाँ बच्चों द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत परिजन के सुपुर्द किया। बच्चों के सुरक्षित मिलने पर परिजनों द्वारा डायल-112 सेवा का आभार और पुलिस जवानों का धन्यवाद किया।



# बीजेपी नेता पर एफआईआर

### महिला से दबंगई, घर में घुसकर धमकाने और मारपीट का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जूनी इंदौर क्षेत्र में पड़ोसी महिला से विवाद और दबंगई के मामले में पुलिस ने बीजेपी नेता और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामला अवैध कार पार्किंग को लेकर शुरू हुआ था, जो बाद में मारपीट और धमकी तक पहुंच गया।**

पुलिस ने बीके सिंधी कॉलोनी निवासी देवी ठारवानी की शिकायत पर 27 मार्च की घटना में आरोपी सचिन जेसवानी और नरेंद्र सोनी के खिलाफ घर में घुसने, जबरन वीडियो बनाने और मारपीट करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता के मुताबिक, वह पापड़ बनाने का काम करती हैं और उनके यहां अखिलेश नामदेव किराए पर रहता था। 25 मार्च को मकान खाली करते समय उसने अपनी एक्टिवा सड़क पर खड़ी की थी। इसी बात पर सचिन जेसवानी से विवाद हुआ और उसने अखिलेश के साथ मारपीट कर दी, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

इसके बाद 27 मार्च की शाम दोनों आरोपी महिला के घर में घुस गए। उन्होंने धमकाते हुए वीडियो बनाया और किसी तरह की शिकायत न करने के लिए दबाव बनाया। पीड़िता ने बताया कि 7 अप्रैल को सचिन फिर घर आया और थाने चलने को लेकर विवाद करने लगा। मना करने पर उसने वीडियो बनाना शुरू कर दिया और शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। मामले में दोनों पक्ष एक दिन पहले थाने पहुंचे थे। आरोप है कि कमलेश कालरा ने सचिन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का दबाव बनाया, लेकिन उस समय कार्रवाई नहीं हुई। बताया जा रहा है कि देर रात तक क्षेत्रीय विधायक स्तर से भी कॉल आते रहे। इसके बाद बुधवार को टीआई अनिल गुप्ता ने महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी सचिन जेसवानी बीजेपी मंडल वार्ड 65 के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। पार्टी के भीतर गुटबाजी के चलते वे कुछ नेताओं के निशाने पर थे और पहले भी उनके खिलाफ शिकायतें थाने तक पहुंच चुकी हैं।

## 'संकल्प एक लाख अंगदान से जीवनदान' अभियान को मिली नई गति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मिताशा फाउंडेशन के नेतृत्व में संचालित "संकल्प एक लाख अंगदान से जीवनदान" अभियान के अंतर्गत आज अंगदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन सी.एम.ई. का आयोजन किया गया। इस आयोजन में इंदौर संभाग के विभिन्न जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों की व्यापक एवं सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जो इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने की दिशा में एक सशक्त पहल है। कार्यक्रम में संभागायुक्त कार्यालय से ज्वाइंट कमिश्नर डी.एस. यादव, स्वास्थ्य संचालनालय से वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. पूर्णिमा गाडरिया, एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर से डॉ. मनीष पुरोहित, मिताशा फाउंडेशन से श्री आलोक सिंघी तथा एमजीएम मेडिकल कॉलेज के पूर्व डीन डॉ. संजय दीक्षित की विशेष उपस्थिति रही। इंदौर जिले से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी एवं सिविल सर्जन डॉ. एम.पी. सिंह सहित धार जिले से डॉ. अनीता सिंगारे एवं डॉ. मुकुंद बर्मन, झाबुआ जिले से डॉ. बी.एस. बघेल एवं डॉ. मोहन मालवीय, खंडवा जिले से डॉ. ओमप्रकाश चुगनावत एवं डॉ. अनिलकुमार कोशल, खरगोन जिले से डॉ. ललित सिंह चौहान एवं डॉ. राजकुमार देवड़ा, बड़वानी जिले से डॉ. सुरेन्द्र जामरे एवं डॉ. मनोज खन्ना, बुरहानपुर जिले से डॉ. राजेन्द्र वर्मा एवं डॉ. दर्पण टोके तथा अलीराजपुर जिले से डॉ. राजेश अलूनकर एवं डॉ. प्रकाश टोके सहित सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सहभागिता की।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान का जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन ने किया निरीक्षण

### छात्राओं एवं अभिभावकों से संवाद कर टीकाकरण के प्रति किया प्रेरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने गुरुवार को इंदौर जिले में संचालित एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।**



निरीक्षण के दौरान श्री जैन ने टीकाकरण केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया तथा वहां तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने टीकाकरण की प्रक्रिया, लाभार्थी बच्चों की उपस्थिति, पंजीयन व्यवस्था एवं अभिलेख संधारण की विस्तार से समीक्षा करते हुए कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जैन ने विद्यालय में उपस्थित छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से सीधे संवाद स्थापित कर एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह टीका भविष्य में गंभीर बीमारियों, विशेषकर महिलाओं में होने वाले कुछ प्रकार के कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का टीकाकरण अवश्य कराएं और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप यह अभियान बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और इसे शत-प्रतिशत सफल बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों के दल गठित किए गए हैं, जिन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर अनुश्रवण (मॉनिटरिंग) एवं प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि किसी भी पात्र लाभार्थी का टीकाकरण छूटने न पाए। जिला प्रशासन द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा पहल से लाभान्वित हो सकें।

# ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई: अंजड़ पेयजल योजना में करोड़ों का भ्रष्टाचार

## तत्कालीन 2 अध्यक्ष और 3 सीएमओ सहित 9 के खिलाफ एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी। बड़वानी जिले के अंजड़ नगर परिषद में पेयजल योजना में कथित करोड़ों रुपए की वित्तीय अनियमितता के मामले में आर्थिक अपराध शाखा इंदौर ने बड़ा कदम उठाते हुए प्रकरण दर्ज किया है। यह कार्रवाई अंजड़ नगर परिषद के तत्कालीन दो अध्यक्षों, तीन मुख्य नगर पालिका अधिकारियों (CMO), इंजीनियर, कर्मचारियों के साथ-साथ कंपनी के प्रोपराइटर और कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ की गई है।**

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, वर्ष 2016 में अंजड़ नगर में घर-घर नल कनेक्शन देने के लिए सरकार द्वारा 12.20 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। इसी वर्ष ई-टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से एक निजी कंपनी सोरठिया वेलजी रत्ना एन्ड कम्पनी को कार्य सौंपा गया था। टेंडर की शर्तों के अनुसार, कंपनी को 18 माह के भीतर लगभग 2700 घरों में जल वितरण का कार्य पूरा करना था। साथ ही, कार्य में देरी या अधूरा



रहने की स्थिति में बिल राशि का 10 प्रतिशत दंड लगाने का प्रावधान भी था।

### परियोजना अधूरी, भुगतान पूरा

जांच में सामने आया है कि परियोजना आज भी अधूरी है और ठेकेदार द्वारा कोई पूर्णता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बावजूद सभी की मिली भगत के चलते लगभग 10.20 करोड़ रुपए का भुगतान कंपनी को बिना किसी दंड के कर दिया गया। जांच में यह भी पाया गया कि दस्तावेजों में कई अनियमितताएं हैं, जिनमें जिम्मेदार अधिकारियों के हस्ताक्षर का अभाव और मापन पुस्तिका व कैशबुक में गड़बड़ियां शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि नगर परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष मंजुला पाटीदार और पुष्पा परमार, तत्कालीन सीएमओ सुरेंद्र सिंह परमार, अमरदास सेनानी और मयाराम सोलंकी, इंजीनियर महेश पटेल तथा लेखा कर्मचारी हुकुमचंद मालवीय ने कंपनी के प्रोपराइटर परेश सोरठिया और कॉन्ट्रैक्टर मीनष मकवाना के साथ मिलीभगत कर टेंडर शर्तों का उल्लंघन करते हुए भुगतान किया, जिससे शासन को करोड़ों रुपए की क्षति हुई। प्रारंभिक साक्ष्यों के आधार पर उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक न्यासभंग तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। ईओडब्ल्यू इंदौर द्वारा मामले की विस्तृत जांच जारी है।

**एक नजर**

1. बड़वानी के अंजड नगर परिषद का मामला
2. 2016 में घर-घर नल कनेक्शन योजना मिली थी
3. 12.20 करोड़ की पेयजल योजना का बजट मिला
4. सोरठिया वेलजी रत्ना एन्ड कम्पनी को काम मिला
5. योजना आज भी अधूरी, भुगतान लगभग पूरा हो गया
6. तत्कालीन 2 अध्यक्ष-3 CMO, इंजीनियर, लेखापाल पर FIR

# पुलिस को बैंड बजाते देख लोग हुए हैरान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम शहर के व्यस्ततम दो बत्ती चौपाटी क्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब 4 बजे उस वक्त लोग अचरज में पड़ गए, जब पुलिस की एक टीम टेंट के नीचे पूरे साजो-सामान के साथ बैंड बजाती नजर आई। तेज धूप और भरी दोपहरी में देशभक्ति गीतों की धुन सुनकर राहगीरों के कदम ठहर गए और लोग इस अनोखे दृश्य को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करने लगे। यह प्रस्तुति प्रथम वाहिनी एसएएफ (SAF) इंदौर की बैंड टीम द्वारा दी गई। मौके पर रक्षित निरीक्षक (RI) मोहन भर्वावत सहित अन्य पुलिस अधिकारी और आमजन मौजूद थे। पुलिस की इस टीम ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति धुनें बजाकर माहौल को जोश से भर दिया। दरअसल, मध्य प्रदेश पुलिस में आरक्षक (बैंड) के कुल 679 पदों पर भर्ती की जा रही है। इस भर्ती प्रक्रिया में प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवा शामिल हों, इसी उद्देश्य से पुलिस विभाग हर जिले में इस तरह के संगीतमय कार्यक्रमों के जरिए प्रचार-प्रसार कर रहा है। रतलाम में प्रस्तुति स्थल पर बैनर लगाकर भर्ती की पूरी जानकारी भी साझा की गई।

# विजयवर्गीय बोले-पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी

## इजराइल-ईरान युद्ध में 'बिल्ली' की भूमिका में अमेरिका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी। नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बुधवार रात जबलपुर पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों से लेकर पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव तक कई विषयों पर खुलकर बात की। देर रात वे इंदौर के लिए रवाना हो गए।**

मीडिया से बातचीत में उन्होंने पश्चिम बंगाल के आगामी चुनावों पर भी बड़ा दावा किया। विजयवर्गीय ने कहा कि इस बार भाजपा न केवल चुनाव जीतेगी, बल्कि राज्य में सरकार भी बनाएगी। इजराइल-ईरान-अमेरिका के बीच चल रहे तनाव पर टिप्पणी करते हुए विजयवर्गीय ने अमेरिका की भूमिका पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि यह विवाद ईरान और इजराइल के बीच है, लेकिन अमेरिका इसमें "बिल्ली" की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने इसे बिल्ली-बंदर की कहानी से जोड़ते हुए कहा कि जैसे दो बंदरों की लड़ाई



में बिल्ली तराजू लेकर बैठती है और दोनों तरफ से रोटी खाती जाती है, उसी तरह अमेरिका इस संघर्ष में अपना फायदा देख रहा है, जबकि असली पक्ष लड़ते रह जाते हैं। विजयवर्गीय ने मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत की स्थिति ऐसी है कि ईरान और इजराइल—दोनों ही भारत को अपना मित्र मानते हैं। उन्होंने कहा कि यह सफल कूटनीति का उदाहरण है कि वैश्विक तनाव के बीच भी भारत दोनों देशों के साथ संतुलित संबंध बनाए हुए है।

# धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को भड़काऊ बयान और देशद्रोह मामले में क्लीन चिट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी। देश के चर्चित कथा वाचक बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को न्यायालय से बड़ी जीत मिली है। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के विरूद्ध प्रस्तुत निगरानी को निरस्त कर दिया गया है। प्रकरण में धीरेन्द्र शास्त्री की ओर से अधिवक्ता समीर अग्रवाल एवं उनके सहयोगी शिवम चतुर्वेदी ने पैरवी की थी।**

अधिवक्ता समीर अग्रवाल ने बताया कि प्रथम अपर सत्र न्यायालय शहडोल के पीठासीन न्यायाधीश कमलेश कुमार कोल ने बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के विरूद्ध प्रस्तुत निगरानी को निरस्त कर दिया है तथा उनके पक्ष में आदेश पारित किया है। विदित है कि धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के



विरूद्ध शहडोल में एक आपराधिक परिवाद पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसमें धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा प्रयागराज महाकुंभ के समय दिए गए बयान को असंवैधानिक, आपत्तिजनक तथा भड़काऊ बताकर उन पर देशद्रोह जैसे कई गंभीर आरोप लगाये गये थे। पूर्व में न्यायिक मजिस्ट्रेट सीताशरण यादव द्वारा परिवाद को निरस्त किया गया था, जिसके विरूद्ध परिवादी द्वारा निगरानी सत्र न्यायालय में प्रस्तुत की गई थी। अपर सत्र न्यायालय द्वारा न्यायालय में कथित वीडियो क्लिप को चलाकर देखा गया, जिसके उपरांत उन्होंने यह पाते हुए कि धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा किसी धर्म, संप्रदाय के विरूद्ध कोई बात नहीं की है और न ही भावनाओं को भड़काने के आशय से कोई कथन किये हैं, प्रस्तुत निगरानी को निराधार पाते हुए उसे निरस्त कर दिया गया है।

# प्रदेश के 68 महाविद्यालयों में शुरू होंगे एआई आधारित सर्टिफिकेट कोर्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन एवं उच्च शिक्षा मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार के नेतृत्व में प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में परंपरागत पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिये उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने को लेकर महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। प्रदेश के 68 शासकीय महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एआई एवं फिनटेक विथ एआई के ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किए जा रहे हैं। इनमें 55




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस तथा 13 स्वायत्त महाविद्यालय शामिल हैं। यह कोर्स आईआईटी दिल्ली के सहयोग से संचालित किया जाएगा। विद्यार्थियों को इसकी सुविधा नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 से मिलना शुरू होगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पाठ्यक्रम प्रारंभ करने को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

### 2000 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस वर्ष 2000 विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं फिनटेक विथ आई के ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स के माध्यम से प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम चरण में यह लक्ष्य 1000 विद्यार्थियों का था, जिसे इस वर्ष बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है।

नवीन शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों को मिलेगा पाठ्यक्रमों का लाभ

अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन ने बताया कि महाविद्यालयों में परंपरागत विषयों से पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे वे आसानी से रोजगार से जुड़ सकेंगे। प्रदेश के 68 महाविद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं फिनटेक विथ एआई के ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किए जा रहे हैं। प्रथम चरण की सफलता को देखते हुए छात्र संख्या को दोगुना कर दिया गया है।

## संपादकीय

# धर्म, अंधविश्वास और अदालत

भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की ओर इसरो ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) की लगातार असफलताओं और कुछ महीनों की खामोशी के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ( ISRO ) ने दूसरे इंटिग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट (IADT-02) की सफल टेस्टिंग की है। सेकंड इंटिग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट की सफलता की जानकारी केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह दी है। उन्होंने बताया इसकी टेस्टिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष स्टेशन में हुई। हालांकि इस टेस्ट को लेकर इसरो की ओर से अभी तक कोई बयान नहीं जारी किया गया है। जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, भारत की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान गगनयान के लिए अगले वर्ष होने वाली इसरो की इंटिग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट (IADT-02) की सफल सफलता पर इसरो को बधाई। यह परीक्षण सतीश धवन अंतरिक्ष स्टेशन श्रीहरिकोटा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह गगनयान मिशन की तैयारियों की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन 2027 में श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा। तकनीकी जटिलता के कारण मिशन में कई बार देरी हुई है, लेकिन भारत स्वदेशी रूप से इसकी क्षमता विकसित कर रहा है। गौरतलब है कि अंतरिक्ष मिशन से जुड़ी ऐसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियां गोपनीय रखी जाती हैं और कोई भी देश इन्हें साझा नहीं करता है। सरकार ने गगनयान कार्यक्रम के लिए लगभग 10,000 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। यह मिशन अब अपने अंतिम चरण में है और पहली मानवयुक्त उड़ान 2027 की पहली तिमाही में होने की उम्मीद है। इससे पहले, 8 अप्रैल को, इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा था कि मानवरहित गगनयान मिशन की सभी तैयारियां सुचारु रूप से चल रही हैं। स्मार्ट स्पेसक्राफ्ट मिशन ऑपरेशंस पर दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा, 'हम पहले मानवरहित गगनयान मिशन से ठीक पहले मिल रहे हैं। यह कोई साधारण मिशन नहीं, बल्कि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मिशन है। अंतिम मानवयुक्त प्रक्षेपण से पहले तीन मानवरहित मिशन होंगे। पहले मिशन की सभी गतिविधियां अच्छी तरह से आगे बढ़ रही हैं, हालांकि चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं।'

## महिला जगत

**राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में जुड़कर बागपत की गीता देवी ने लिखा सफलता का नया अध्याय। अब प्रति माह हो रही 40 से 45 हजार के बीच कमाई, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व का भी मिला अवसर।**

**यूपी की गीता देवी की सफलता की कहानी**

# सरकारी योजना से आत्मनिर्भर बनीं आर्थिक तंगी दूर कर पेश किया उदाहरण



उत्तर प्रदेश के बागपत से आने वाली गीता देवी का नाम पूरे क्षेत्र से लेकर प्रदेश में चर्चा में है। वजह है गीता देवी का सरकार की अहम योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़कर अपने जीवन की दिशा बदलना और आत्मनिर्भर होकर अपनी आर्थिक स्थिति संभालना। इसका असर यह हुआ है कि आज गीता देवी पूरे गांव में एक आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से सशक्त महिला के रूप में पहचानी जाती हैं। बागपत जनपद के छपरौली ब्लॉक के लुहारा गांव की रहने वाली गीता देवी एक समय सीमित आय और आर्थिक तंगी जैसी कठिन परिस्थितियों से जूझ रही थीं। लेकिन आज न केवल अपने परिवार को सशक्त बना चुकी हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं।

### स्वयं सहायता समूह से मिली नई दिशा

वर्ष 2018 में कृष्णा स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद गीता देवी के जीवन में निर्णायक बदलाव आया। समूह की अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्हें नेतृत्व का अवसर मिला और आर्थिक सशक्तिकरण की राह खुली। वर्तमान में वह 11 समूहों की महिलाओं का नेतृत्व कर रही हैं। यूपी की योगी सरकार सें उनके समूह को रिवॉल्विंग फंड और सामुदायिक निवेश निधि के रूप में सहायता प्राप्त हुई। इस सहयोग के माध्यम से उन्होंने 25,000 का ऋण लेकर 'विद्युत सखी' के रूप में प्रशिक्षण हासिल किया और घर-घर बिजली बिल संग्रह का कार्य शुरू किया। इतना ही नहीं, बीसी सखी के रूप में चयनित होकर उन्होंने अपनी आय के अतिरिक्त स्रोत भी विकसित किए। उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता ने उन्हें गांव में एक आर्थिक रूप से सशक्त महिला के रूप में स्थापित कर दिया है।

### योजनाओं से सशक्त होती महिला शक्ति

आज गीता देवी विद्युत सखी के रूप में कार्य करते हुए प्रति माह 40,000 से 45,000 तक की आय अर्जित कर रही हैं, जो पहले लगभग 15,000 थी। उन्होंने लगभग 2 करोड़ के बिजली बिल का संग्रह कर 2 लाख का कमीशन प्राप्त किया है और जिले की शीर्ष विद्युत सखियों में अपना स्थान बनाया है। वहीं, वर्ष 2023 में लखपति दीदी योजना के अंतर्गत दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उनकी भागीदारी उनकी उपलब्धियों का महत्वपूर्ण प्रमाण है।

### 3500 महिलाएं संगठित रूप से कर रहीं कार्य

छपरौली ब्लॉक के लुहारा गांव में गीता देवी के उदाहरण से प्रभावित होकर अब 3500 महिलाएं एक साथ संगठित होकर कार्य कर रही हैं। गीता देवी स्वयं भी अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनकी यह यात्रा दर्शाती है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित योजनाएं न केवल रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं, बल्कि महिलाओं को सम्मान, आत्मविश्वास और सशक्त भविष्य की दिशा भी दे रही हैं।

Bihar

# बिहार में सीएम और नई सरकार का फैसला दिल्ली में, बीजेपी की बैठक में आज क्या होगा?

**पटना, (एजेंसी)** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) से सीएम बनने जा रहे नेता के नाम पर आपसी सहमति बनाने के लिए भाजपा ने आज दिल्ली में राज्य के प्रमुख नेताओं की बैठक रखी है। बीजेपी मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन इस बैठक को लेंगे, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, राज्य के मंत्री मंगल पांडेय, दिलीप जायसवाल, सांसद संजय जायसवाल जैसे बड़े नेता शामिल होंगे। बीजेपी की आज की बैठक का मकसद बिहार में भाजपा के पहले सीएम के नाम पर आपसी सहमति हासिल करना है। पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के दौर में भाजपा में एक नाम पर सहमति बनाना मुश्किल काम नहीं है।




बिहार में 14 या 15 अप्रैल को भाजपा के सीएम के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की नई सरकार का गठन हो सकता है। सरकार में पहले की तरह भाजपा के साथ नीतीश की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू), चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास (एलजेपी-आर), जीतनराम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (एचएएम) और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) से मंत्री शामिल होंगे।

Uttarpradesh

मऊ में भीषण हादसा

## एक ही गांव के तीन युवकों की मौत, अस्पताल में खाना पहुंचाकर लौट रहे थे तीनों दोस्त



**मऊ, (एजेंसी) मऊ जिले के घोसी कोतवाली के जामडीह के पास बृहस्पतिवार की रात 11 बजे तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को जिला अस्पताल भिजवाया।**

मधुबन थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी बेचन यादव (30), प्रमोद यादव (28) और आजाद यादव (32) बृहस्पतिवार की रात घोसी स्थित निजी अस्पताल में दोस्त को खाना पहुंचाने गए थे। दोस्त की पत्नी ने बच्चे को जन्म दिया था, जिसके चलते अस्पताल में भर्ती थी।

तीनों एक ही बाइक से खाना पहुंचाकर घर लौट रहे थे। अभी जामडीह के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों बाइक सहित 20 मीटर दूर जा गिरे। दुर्घटना के बाद चालक बोलेरो छोड़कर भाग गया।

एक ही गांव के तीन युवकों की मौत की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमेंद्र सिंह ने बताया कि बोलेरो को सीज कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

Maharashtra

## मुंबई एयरपोर्ट टर्मिनल में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंचीं दमकल की टीमें

**मुंबई।** मुंबई से इस वक्त बड़ी खबर सामने आई है। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 में गुरुवार शाम को आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मुंबई अग्निशमन विभाग ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। शाम 7:05 बजे आग को प्रथम स्तर (लेवल-1) की घोषित किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग टर्मिनल-1 के 1बी सर्कल में स्थित सीसीटीवी सर्वर रूम में लगी। बीएमसी के अधिकारियों ने बताया कि आग इमारत के ग्राउंड फ्लोर तक ही सीमित रही, जो एक मंजिला इमारत है। रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और आग को पूरी तरह काबू में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। हवाई अड्डे के अन्य परिचालन पर अभी कोई असर की जानकारी नहीं मिली है। घटना की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है। अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची हुई हैं और बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, शॉर्ट सर्किट से लगी आग पर काबू पा लिया गया।

New Delhi

सुप्रीम कोर्ट बोला

## मंदिरों में एंट्री रोकने से समाज बंटेगा

**नई दिल्ली।** सबरीमला केस में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि हर व्यक्ति को सभी मंदिरों और मठों तक पहुंच मिलनी चाहिए। किसी एक वर्ग के नाम पर दूसरों को जाने से रोका, तो नकारात्मक असर हिंदू धर्म पर पड़ेगा और समाज में विभाजन बढ़ेगा। केंद्र ने सबरीमला मंदिर में विशेष आयुवर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर रोक का समर्थन किया। कहा, 2018 का फैसला इस धारणा पर आधारित था कि पुरुष श्रेष्ठ हैं।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा है कि यह पुरुष-केंद्रित या महिला-केंद्रित धार्मिक मान्यताओं का सवाल नहीं है। सीनियर वकील सीएस वैद्यनाथन ने कहा कि श्री वेंकटरमणा देवेरू बनाम मैसूर राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट का पुराना फैसला सही नहीं था। उस फैसले में कोर्ट ने माना था कि सार्वजनिक प्रकृति के मंदिरों में सभी वर्गों के हिंदुओं को प्रवेश मिलना चाहिए, भले ही मंदिर किसी विशेष संप्रदाय से जुड़ा हो। वैद्यनाथन ने कहा, सबरीमाला मंदिर में दूसरे धर्मों के लोगों के प्रवेश पर पूर्ण रोक नहीं है। अगर कोई ईसाई या मुस्लिम भगवान अयप्पा में आस्था रखता है तो उसके प्रवेश पर रोक नहीं है। धार्मिक संप्रदाय की अवधारणा को सिर्फ एक धर्म में सीमित करके नहीं देखा जा सकता। जस्टिस सुंदरेश ने कहा, केरल के कुछ मंदिरों में शर्ट पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं होती। ऐसे में कोई यह नहीं कह सकता कि वह अपनी इच्छा से शर्ट पहनकर ही मंदिर जाएगा।



खेल

मुकुल चौधरी का करिश्मा

# सात छक्के लगा केकेआर के जबड़े से छीनी जीत 16-20 ओवर के बीच कैसे पलटा मैच?

**कोलकाता, (एजेंसी) मुकुल चौधरी (54*) और आयुष बडोनी (54) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की मदद से लखनऊ सुपर जाएंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीन विकेट से हरा दिया। गुरुवार को ईडेन गार्डेन्स में खेले जा रहे मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता ने 20 ओवर में चार विकेट पर 181 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने 20 ओवर में सात विकेट पर 182 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।**

182 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम को मिचेल मार्श और एडेन मार्करम ने सधी हुई शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 4.1 ओवर में 41 रन जोड़े। मार्श 11 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, मार्करम अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके और वह 15 गेंदों में 22 रन बनाने के बाद वैभव अरोड़ा का शिकार बने। वैभव ने तीन गेंदों के अंदर ही एलएसजी के दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा।





कप्तान ऋषभ पंत बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और नौ गेंदों में 10 रन बनाकर आउट हुए। निकोलस पूरन का निराशाजनक प्रदर्शन इस मुकाबले में भी जारी रहा और वह 15 गेंदों का सामना करने के बावजूद सिर्फ 13 रन ही बना सके। अब्दुल समद को अनुकूल रॉय ने सिर्फ दो रनों के स्कोर पर क्लीन बोल्ड किया। हालांकि, आयुष बदोनी एक छोर संभालकर खड़े रहे और उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली। बदोनी ने 34 गेंदों में 54 रन बनाए। अपनी इस पारी में उन्होंने सात चौके और दो छक्के लगाए।

अंत के ओवरों में एलएसजी के 21 वर्षीय बल्लेबाज मुकुल चौधरी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 27 गेंदों में 54 रनों की नाबाद पारी खेलकर लखनऊ सुपर जायंट्स को यादगार जीत दिलाई। मुकुल ने अपनी इस पारी में दो चौके और सात छक्के लगाए। आखिरी ओवर में जीत के लिए एलएसजी को 14 रनों की जरूरत थी। वैभव अरोड़ा के इस ओवर में मुकुल ने 2 छक्के लगाते हुए केकेआर की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। गेंदबाजी में केकेआर की ओर से वैभव अरोड़ा, अनुकूल रॉय ने दो-दो विकेट चटकाए। वहीं, नरेन और कैमरून ग्रीन ने एक-एक विकेट निकाला।

सिनेमा

## ये है भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हॉलीवुड स्पेस फिल्म, 8.4 है IMDb रेटिंग




अगर आप स्पेस फिल्मों के शौकीन हैं तो अबतक आपने प्रोजेक्ट हेल मैरी तो देख ली होगी। ये हॉलीवुड स्पेस फिल्म 26 मार्च, 2026 को इंडियन सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को भारत में काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अगर आपने अभी तक ये फिल्म नहीं देखी है तो तुरंत देखें। प्रोजेक्ट हेल मैरी भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हॉलीवुड स्पेस फिल्म बन गई है। प्रोजेक्ट हेल मैरी ने इंटरस्टेलर के लाइफटाइम कलेक्शन (भारत में) को पछाड़ दिया है। प्रोजेक्ट हेल मैरी को आज रिलीज हुए 16 दिन हो गए हैं। पहले हफ्ते फिल्म ने भारत में 24.70 करोड़ की कमाई की थी। दूसरे हफ्ते फिल्म ने भारत में 20.10 करोड़ की कमाई की थी। आज 16वें दिन फिल्म ने सुबह 10 बजे तक फिल्म ने 7 लाख की कमाई की है। इस तरह फिल्म का भारत में अबतक का कलेक्शन (10 अप्रैल, सुबह 10 बजे तक) 44.87 करोड़ (नेट कलेक्शन) हो गया है। वहीं, फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन भारत में 53.79 करोड़ हो गया है। इस हॉलीवुड फिल्म को भारत में चार भाषाओं में रिलीज किया गया है। sacnilk.com के मुताबिक, फिल्म ने खबर लिखे जाने तक अंग्रेजी भाषा में 42.18 करोड़, हिंदी भाषा में 1.95 करोड़, तमिल भाषा में 37 लाख और तेलुगु भाषा में 37 लाख रुपये की कमाई की है।

## Highlights

1. **India says no discussion yet with Iran over Strait of Hormuz toll**
2. **Australia may sue social media giants over child safety lapses**
3. **Pak mediated US-Iran ceasefire for peace & that should be celebrated: Tharoor**
4. **Punjab yet to pay March salaries to staff; raises ₹1,500 cr loan**
5. **Infiltrators steal labour work from locals by working for low wages: PM in WB**

# Nifty 50 to face stiff resistance at 24,000 even as US-Iran ceasefire talks loom

**NEW DElHI, (Agency).** Options traders are positioning for renewed turbulence in India's stock market as diplomatic friction threatens to undermine a fragile US-Iran ceasefire.

A day before high-stakes negotiations in Pakistan, NSE data from Thursday revealed a surge in option selling. The activity suggests the Nifty 50 will face stiff resistance at the 24,000 mark, while downside support is expected to hold between 23,000 and 23,500 through Tuesday.

The market's caution follows a volatile session where the Nifty 50 fell 0.9% to close at 23,775.10 points, and the S&P BSE Sensex dropped 1.2% to 76,631.65. The decline retraced a portion of Wednesday's 4% rally, which had been sparked by President Trump's announcement of a two-week pause in hostilities.

The 24,058 level has emerged as a critical threshold for technical



analysts. This figure represents a 50% retracement of the index's rally from its multi-month low in April to its January record high.

"The substantial option writing of calls at 24,000 shows that it's a strong resistance," said Kruti Shah, quant analyst at Equirus Securities. "Market behavior at this level needs to be watched carefully to ascertain if the recovery can sustain."

The optimism surrounding the truce is being tested by disagreements over extending the ceasefire to Lebanon and the reopening of the Strait of Hormuz. These tensions have kept energy prices elevated; brent crude has surged 33% to $96.62 a barrel since the conflict began on 28 February.

"The war will be over only when Israel wants it to be over," said Shankar Sharma, a UAE-based investor. He warned that India's stock market faces a "troublesome situation", noting that portfolio returns may remain muted as they have for the past two years.

While the Nifty 50 recovered from a 52-week low of 22,182.55 struck last Thursday, foreign portfolio investors remain skeptical.

# Gold prices post steepest monthly drop since 2013, fall 12% in March: Report

**NEW DElHI, (Agency).** Gold fell 12 per cent in March to USD 4,608/oz, its weakest month since June 2013, according to a report by the World Gold Council (WGC). The precious metal lost value across all major currencies but maintained a positive position for the year.

The council used its monthly Gold Return Attribution Model (GRAM) to identify that much of the decline stemmed from momentum factors, including global gold ETF outflows, a COMEX net long unwind, and a price trend reversal.

"Our monthly attribution model GRAM captured the sentiment - but not the magnitude - of the move, attributing much of the drop to momentum factors: global



gold ETF outflows, a COMEX net long unwind and a price trend reversal," the World Gold Council stated.

Gold Rate in Delhi Today

COMEX stands for the Commodity Exchange Inc., which is the primary futures and options market for trading metals like gold, silver, copper, and aluminum.

The report noted that "Global gold ETFs shed USD 12bn (84 tonnes) during the month, led almost entirely by North America with USD 14bn (-87t) and Europe with USD 0.1bn (-7t). Asia's USD 1.9bn (10t) inflows were a welcome positive, and highlight how dipbuying in Asia translated into much larger fund flow but lower equivalent tonnes."

"While real yields and the dollar undoubtedly contributed to net sales, other factors were also likely at play," the report mentioned.

Positioning played a role as a reported build-up in retail exposure to gold risked a flush out. COMEX Non-Reportable positions, which the report associated with retail exposure, saw a cumulative 18-tonne net drop during the first three weeks of March.

खाने-पीने की बात पर विवाद

# सगाई में रिश्तेदारों के बीच खूनी संघर्ष, युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में दो परिवारों के बीच हुए विवाद ने एक युवक की जान ले ली। मामला सगाई समारोह में शुरू हुए झगड़े से जुड़ा है, जो बाद में सड़क पर हिंसक हमले में बदल गया।**



तेजाजी नगर टीआई देवेंद्र मरकाम के मुताबिक, मृतक की पहचान शुभम पुत्र संगतनाथ निवासी महादेव नगर (नार्थ मोहल्ला) के रूप में हुई है। बुधवार रात वह अपने परिवार के साथ उमरीखेड़ा में एक सगाई कार्यक्रम में शामिल होने गया था। पुलिस के अनुसार, झगड़े की शुरुआत खाने-पीने की बात को लेकर हुई थी, जो बाद में हिंसक रूप ले बैठा। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस ने मामले में शुभम के दोस्त रितिक, करण और एक अन्य युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद करने वाले लोग आपस में रिश्तेदार हैं।

बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इसके बाद शुभम अपने साथियों के साथ वहां से निकल गया। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे बायपास पर घेर लिया और डंडों व पेचकस से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल शुभम को परिजन चोइथराम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुभम दुकानों पर नींबू-मिर्ची बांधने का काम करता था। उसके परिवार में एक बड़ा भाई है, जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है। पिता बारदान (गोदाम) में काम करते हैं, जबकि मां मजदूरी करती है।

# एटीएम फ्रॉड में 7 साल बाद केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक मामले में 7 साल बाद एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित ठेकेदार मुकेश नायक इस मामले में लगातार थाने के चक्कर लगाता रहा, लेकिन आधा दर्जन टीआई बदलने के बाद भी उसकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई।**

पुलिस के अनुसार, कुंदन नगर निवासी मुकेश नायक (37) को जून 2019 में बैंक से किस्त बाउंस होने की जानकारी मिली, जबकि उसके खाते में पर्याप्त राशि थी। बैंक स्टेटमेंट निकालने पर पता चला कि 7-8 मई 2019 को जमशेदपुर (झारखंड) में किसी अज्ञात व्यक्ति ने एटीएम से 12 बार में 1.20 लाख रुपए निकाल लिए। मुकेश ने मई 2019 में ही शिकायत की थी, लेकिन कोरोना काल और अधिकारियों के तबादलों के बीच उसकी सुनवाई नहीं हुई। हाल ही में उसने वर्तमान टीआई नीरज बिरथरे से मुलाकात की, जिसके बाद बुधवार को एफआईआर दर्ज की गई। पीड़ित का कहना है कि वह कीपैड मोबाइल इस्तेमाल करता था और उसने किसी को भी अपना पिन या बैंक डिटेल साझा नहीं की थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर एमआईजी थाना क्षेत्र में होटल फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने अंबेडकर नगर निवासी रवि शर्मा की शिकायत पर आरोपी शिवराज सिंह परिहार उर्फ जोजो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# अग्नि सुरक्षा की अनदेखी प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

आठ बिल्डिंगें सील कीं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ब्रजेश्वरी एनएक्स अग्निकांड के बाद प्रशासन को फिर शहर में अग्नि सुरक्षा प्रबंधों की चिंता सताने लगी और अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी। अलग-अलग टीमें बनाकर बिल्डिंगों की जांच की जा रही है। गीताभवन और भंवरकुआं क्षेत्र में बिल्डिंगों की जांच की गई। कई संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के उपकरण नहीं पाए गए। अधिकारियों ने उन्हें सील किया। सबसे पहले टीम गीता भवन पहुंची। यहां तल मंजिल पर कार और दोपहिया वाहनों के शोरूम हैं। उनमें फायर सेफ्टी के उपकरण नहीं मिले। अधिकारियों ने शोरूम में मौजूद ग्राहकों को बाहर निकलने के लिए कुछ समय दिया। इसके बाद शटर गिराकर शोरूम सील कर दिए गए। यहां दो अन्य बिल्डिंगों के खिलाफ भी सील करने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा भंवरकुआं क्षेत्र में भी चार बिल्डिंगों को सील किया गया। आपको बता दें कि इंदौर के ब्रजेश्वरी क्षेत्र में एक बंगले में आग लगने की वजह से आठ लोगों की मौत हो चुकी है। बीते दो माह में आठ से ज्यादा अग्निकांड के हादसे हो चुके हैं। गर्मी के दिनों में ये हादसे ज्यादा बढ़ जाते हैं। इंदौर में तीन माह पहले एक पेंट हाउस में आग लगने से एक कारोबारी की भी मौत हो चुकी है।

उपभोक्ता शिकायत पर न्यू पलासिया क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई

# बिना खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार पाए जाने पर प्रकरण तैयार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खाद्य सुरक्षा प्रशासन इंदौर द्वारा 311 ऐप पर प्राप्त उपभोक्ता शिकायत के आधार पर न्यू पलासिया स्थित Creme Roasting LLP (Hopin Patio Cafe) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर फर्म के पार्टनर श्री तर्ष लखवानी उपस्थित पाए गए। जांच के दौरान प्रतिष्ठान में खाद्य कारोबार के लिए वैध खाद्य पंजीयन (Food Registration) उपलब्ध नहीं पाया गया। मौके से पनीर, दही, चावल, राजमा एवं edible ice के कुल 05 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए।**





प्रथम दृष्टया बिना खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार संचालित किया जाना पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध प्रकरण तैयार किया गया है। नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत प्रकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

इसी क्रम में एक अन्य रूटीन जांच कार्रवाई के तहत न्यू पलासिया स्थित दाल बाटी सुरमा (Delish Foods and Company) का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के पार्टनर श्री नवल परिहार की उपस्थिति में दही, तुअर दाल, चावल एवं बाफले का आटा के कुल 04 नमूने जांच हेतु लिए गए।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा है कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने खाद्य कारोबार संचालकों से अपील की है कि वे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन करते हुए वैध लाइसेंस/पंजीयन के साथ ही खाद्य कारोबार संचालित करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ता शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित जांच जारी रखी जाए।

एसआई ने कहा-

# मैंने रुपए नहीं मांगे, वहां एडीसीपी-टीआई भी थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाने के सब इंस्पेक्टर (SI) मनोहर लाल को डीसीपी ने सस्पेंड कर दिया है। एक युवक ने सुसाइड से पहले वीडियो बनाकर उन पर एक्सीडेंट के बाद 50 हजार रुपए मांगने और मारपीट के गंभीर आरोप लगाए थे। अब इस मामले में एसआई मनोहर लाल ने खुद पर लगे आरोपों पर सफाई दी है। उनका कहना है कि मेरी कोई गलती नहीं है। घटना के समय मैं नाइट ड्यूटी पर था। मौके पर एडिशनल डीसीपी और टीआई भी मौजूद थे। घटना के बाद अभिषेक पाटिल मामले में समझौता कराने की बात कर रहा था। मैंने इससे इनकार कर दिया और उसे सीधे शिकायतकर्ता से बात करने के लिए कहा था। अभिषेक पाटिल पर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह अपने भाई सुधीर के साथ लूट के मामले में द्वारकापुरी पुलिस द्वारा पहले भी पकड़ा जा चुका है। वह नशे का आदी था।

# इंदौर-अहमदाबाद फ्लाइट कैंसल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर गुरुवार सुबह यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अहमदाबाद-इंदौर रूट की IndiGo फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण अचानक रद्द कर दी गई। वहीं स्टार एयर ने भी मुंबई और गोंदिया की उड़ानें निरस्त कर दीं, जिससे एयरपोर्ट पर हंगामे की स्थिति बन गई। इंडिगो की फ्लाइट 6E-7173 अहमदाबाद से सुबह 8:10 बजे इंदौर आती है और 6E-7174 बनकर 8:45 बजे वापस जाती है। लेकिन अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उड़ान से पहले ही तकनीकी खराबी सामने आई। इंजीनियरिंग जांच के बाद विमान को उड़ान के लिए असुरक्षित मानते हुए दोनों फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक